पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो
गृह मंत्रालय, भारत सरकार
राष्ट्रीय राजमार्ग-8, नई दिल्ली-110037

<u>जेलों के लिए राष्ट्रीय स्तर की वास्तुशिल्पीय (ARCHITECTURAL) डिजाइन आइडिया प्रतियोगिता</u>

राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों में, जेलों के वास्तुशिल्पीय (Architectural) डिजाइन में एकरूपता लाने के उद्देश्य से, **पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D)** ने जेलों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की वास्तुशिल्पीय डिज़ाइन आइडिया प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह प्रतियोगिता भविष्य की जेलों के डिजाइन व योजना के दिशानिर्देश तैयार करने में सहायता के लिए है, आयोजकों का इनके निर्माण का कोई इरादा नहीं है।

यह **दो चरणों की आइडिया प्रतियोगिता** है और कॉन्सेप्ट डिजाइन प्रस्तावों के लिए **पहले चरण** की प्रतियोगिता उन आर्किटेक्ट्स के लिए खुली है, जो आर्किटेक्ट्स एक्ट 1972 के तहत काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (सीओए) के साथ विधिमान्य रुप से पंजीकृत हैं।

विस्तृत डिजाइन प्रस्तावों के लिए, **द्वितीय चरण** की प्रतियोगिता उन, सीमित आर्किटेक्ट्स के बीच होगी जिनके भेजे गए कॉन्सेप्ट डिजाइन प्रस्ताव, निर्णायक मण्डल द्वारा **प्रथम चरण** की प्रतियोगिता की प्रविष्टियों में से चुने गए हैं।

इस प्रतियोगिता के लिए निम्नलिखित **मानदेय** और **पुरस्कार** प्रदान किए जाएंगेः-
उन सभी आर्किटेक्ट को रुपये एक लाख का **मानदेय** प्रदान किया जाएगा जिनकी **पहले चरण** के लिए दी गई प्रविष्टियों को निर्णायक समिति द्वारा **दूसरे चरण** की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चुना गया है (मानदेय का भुगतान दूसरे चरण की प्रविष्टियों के प्राप्त होने के बाद किया जाएगा)।

दूसरे चरण के लिए प्राप्त प्रविष्टियों में से निर्णायक समिति द्वारा चयनित तीन सर्वश्रेष्ठ डिजाइन के लिए पुरस्कार हैः-

प्रथम पुरस्कार 4 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2.5 लाख रुपये, तृतीय पुरस्कार 1.5 लाख रुपये।
इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक आर्किटेक्ट BPR&D की वेबसाइट **<u>www.bprd.nic.in</u>** पर उपलब्ध ईमेल **<u>पंजीकरण फॉर्म संलग्नक "ए"</u>** भर करके पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। सभी विवरणों के साथ विधिवत भरे हुए फॉर्म ईमेल <u>psobuilding@bprd.nic.in</u> और <u>igmod@bprd.nic.in</u> पर **<u>दिनांक 10.11.2020 को शाम 4 बजे तक</u>** मिल जाने चाहिए।

सभी योग्य आवेदकों को **प्रथम चरण (1st Stage)** प्रतियोगिता के लिए अपनी प्रविष्टियां तैयार करने और प्रस्तुत करने को सुविधाजनक बनाने हेतु प्रतियोगिता के विवरण, नियम एवं शर्तों का डोजियर भेजा जाएगा।

(करुणा सागर)
महानिरीक्षक/निदेशक (आधुनिकीकरण)
दूरभाष क्रमांकः 011-26782023

(संलग्नक ए)

जेलों के लिए राष्ट्रीय स्तर की वास्तुशिल्पीय डिजाइन आइडिया प्रतियोगिता

पंजीकरण के लिए आवेदन

कृपया आवेदन को psobuilding@bprd.nic.in & igmod@bprd.nic.in पर मेल करें जिससे आवेदन दिनांक 10-11-2020 को सांय 4 बजे तक प्राप्त हो जाए।

दिनांकः

आवेदक

सेवा में

श्री करूणा सागर
महानिरीक्षक/निदेशक (आधुनिकीकरण)
पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो
राष्ट्रीय राजमार्ग-8, एसएसबी बिल्डिंग के नजदीक
महिपाल पुर, नई दिल्ली-110037
संपर्क नम्बर - 011-26734857 / 011-26782023

महोदय,

विषयः जेलों के लिए राष्ट्रीय स्तर की वास्तुशिल्पीय डिजाइन आइडिया प्रतियोगिता के प्रथम चरण में भाग लेने के लिए पंजीकरण हेतु आवेदन।

उपर्युक्त के संदर्भ में, मैं **कंस्पेट डिजाइन प्रस्तावों की प्रथम चरण की प्रतियोगिता** हेतु पंजीकरण के लिए आवेदन कर रहा हूं।

मेरे आवेदन के साथ आर्किटेक्चर परिषद के पंजीकरण प्रमाण-पत्र की स्वयं अनुप्रमाणित प्रति संलग्न है।

आपसे अनुरोध है कि प्रतियोगिता डोजियर मुझे ईमेल ---पर भेजने की कृपा करें।

धन्यवाद

भवदीय

(व्यक्तिगत आवेदन की दशा में)

दिनांक सहित आर्किटेक्ट के हस्ताक्षर
एआर/---
आर्किटेक्ट का नाम
सीए/---
सीओए पंजीकरण संख्या

(आर्किटेक्ट फर्म की दशा में)

दिनांक सहित आर्किटेक्ट के हस्ताक्षर
एआर/---------------------------------------
प्रमुख आर्किटेक्ट का नाम
सीए/---
सीओए पंजीकरण संख्या